**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या. 4140**
**(सोमवार, 18 अगस्त, 2025/27 श्रावण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)**

**पीएमआईएस के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण**

**4140. डॉ. आनन्द कुमार गोंडः**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के लिए राज्य-वार कितने छात्रों ने आवेदन किया और कितने छात्रों का चयन हुआ;
(ख) उक्त इंटर्नशिप योजना पर किए गए कुल व्यय का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या उक्त योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार का उक्त योजना के अंतर्गत अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने का विचार है ताकि पूर्णकालिक शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र अपनी पढ़ाई के साथ-साथ इंटर्नशिप के माध्यम से अपने रोजगार कौशल में सुधार कर सकें और अपनी पढ़ाई पूरी करने तक रोजगार के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**
**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

(क): बजट 2024-25 में घोषित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पी.एम.आई.एस.) का उद्देश्य पाँच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की पहल के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को इस योजना का एक पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ किया, जिसका लक्ष्य एक वर्ष में 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर उपलब्ध कराना है। पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में, जो 3 अक्टूबर, 2024 से प्रारंभ हुआ, देशभर की साझेदार कंपनियों द्वारा 1.27 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए गए।

इसके सापेक्ष, 1.81 लाख से अधिक अभ्यार्थियों से लगभग 6.21 लाख आवेदन प्राप्त हुए। कंपनियों द्वारा प्रदत्त इंटर्नशिप अवसरों में अपेक्षित आवश्यकताओं तथा आवेदकों की शैक्षणिक योग्यताओं

के आधार पर, पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में साझेदार कंपनियों द्वारा 60,000 से अधिक अभ्यर्थियों को 82,000 से अधिक इंटर्नशिप ऑफर प्रदान किए गए।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में इंटर्नशिप हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या तथा इंटर्नशिप ऑफर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या का राज्यवार विवरण, अनुलग्नक-I में संलग्न है।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट के दूसरे दौर में, जो 9 जनवरी, 2025 से प्रारम्भ हुआ, देशभर की लगभग 327 साझेदार कंपनियों द्वारा 1.18 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर (नए तथा पिछले दौर के संशोधित अपूरित अवसरों सहित) पोस्ट किए गए। इस दौर में 2.14 लाख से अधिक अभ्यार्थियों से 4.55 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। दिनांक 12.08.2025 तक साझेदार कंपनियों द्वारा 69,000 से अधिक अभ्यर्थियों को 82,000 से अधिक ऑफर दिए जा चुके हैं। वर्तमान में, ऑफर जारी करने तथा इंटर्न द्वारा स्वीकृति/ज्वाइनिंग की प्रक्रिया प्रगति पर है।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पायलट प्रोजेक्ट के दूसरे दौर में इंटर्नशिप हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या तथा इंटर्नशिप ऑफर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या का राज्यवार विवरण, परिशिष्ट-II में संलग्न है।

(ख): वित्त वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए कारपोरेट कार्य मंत्रालय को ₹2000 करोड़ की राशि आवंटित की गई। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट, जिसका लक्ष्य युवाओं को 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर उपलब्ध कराना है, के लिए ₹840 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। वित्त वर्ष 2024-25 में संशोधित अनुमान ₹380 करोड़ पर निर्धारित किया गया।

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ₹10,831.07 करोड़ की राशि आवंटित की गई है।

योजना के प्रारंभ से अब तक इसके अंतर्गत लगभग ₹55 करोड़ व्यय किए गए हैं।

(ग): प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार, देश के विभिन्न भागों से प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर प्रत्येक इंटर्नशिप अवसर के लिए, पोर्टल के माध्यम से, अभ्यार्थियों की योग्यताओं को उस इंटर्नशिप अवसर के लिए कंपनी द्वारा अपेक्षित योग्यताओं से मिलान कर, अभ्यर्थियों का एक पूल तैयार किया जाता है। इस शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया का उद्देश्य इंटर्नशिप कार्यक्रम में विविधता एवं सामाजिक समावेशन को प्रोत्साहित करना है, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा दिव्यांगजन को

प्रतिनिधित्व प्रदान करते हुए शॉर्टलिस्ट संबंधित कंपनी को उनके चयन हेतु, उनकी निर्धारित प्रक्रिया एवं मानदंडों के अनुसार, भेजी जाती है।

(घ) और (ङ): प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत 21 से 24 वर्ष की आयु के वे युवा, जिन्होंने हाई स्कूल, उच्च माध्यमिक विद्यालय उत्तीर्ण किया हो, आई.टी.आई. से प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो, पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा किया हो, या बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम., बी.सी.ए., बी.बी.ए., बी.फार्मा आदि जैसी स्नातक डिग्री प्राप्त की हो तथा जो पूर्णकालिक रूप से नियोजित न हों और पूर्णकालिक शिक्षा से जुड़े न हों, आवेदन करने के पात्र हैं।

पायलट प्रोजेक्ट में, कंपनी से अपेक्षा की जाती है कि वह अभ्यर्थी को ऐसे कौशल पर वास्तविक कार्य अनुभव प्रदान करे, जिसमें कंपनी प्रत्यक्ष रूप से संबद्ध हो। इंटर्नशिप अवधि का कम से कम आधा भाग वास्तविक कार्य/वास्तविक जीवन के व्यवसायिक वातावरण में व्यतीत किया जाएगा। इस प्रकार, यह योजना युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा विभिन्न व्यवसायों या संगठनों के वास्तविक वातावरण में अनुभव एवं कौशल अर्जित करने का अवसर प्रदान करती है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक ज्ञान अर्जन और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करते हुए उनकी रोजगार-क्षमता को बढ़ाना है।

पायलट प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण दौर है, जिसने व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन से पूर्व अवधारणाओं, कार्यनीतियों एवं प्रणालियों का परीक्षण करने की सुविधा प्रदान की है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन, हितधारकों के साथ परामर्श से प्राप्त फीडबैक तथा पायलट प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के दौरान प्राप्त परिणामों के मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा।

******

अनुलग्नक-I

**दिनांक 18.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 4140 भाग (क) का अनुलग्नक I**

**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में इंटर्नशिप हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या तथा इंटर्नशिप प्रस्ताव प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या का राज्यवार विवरण।**

| क्र.सं. | आवेदकों का राज्य | इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या | अभ्यर्थियों की संख्या जिन्हें ऑफर दिए गए |
|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 18 | 12 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 17371 | 4687 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 43 | 24 |
| 4. | असम | 7384 | 2744 |
| 5. | बिहार | 12494 | 4160 |
| 6. | चंडीगढ़ | 222 | 94 |
| 7. | छत्तीसगढ | 4186 | 1622 |
| 8. | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 44 | 27 |
| 9. | दिल्ली | 5682 | 2122 |
| 10. | गोवा | 45 | 19 |
| 11. | गुजरात | 6510 | 3205 |
| 12. | हरियाणा | 13381 | 4382 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 1210 | 679 |
| 14. | जम्मू और कश्मीर | 1643 | 603 |
| 15. | झारखंड | 4172 | 1878 |
| 16. | कर्नाटक | 6672 | 2244 |
| 17. | केरल | 3457 | 1427 |
| 18. | लद्दाख | 28 | 24 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 20466 | 4917 |
| 20. | महाराष्ट्र | 7332 | 2657 |
| 21. | मणिपुर | 118 | 53 |
| 22. | मेघालय | 72 | 34 |
| 23. | मिजोरम | 16 | 4 |
| 24. | नगालैंड | 109 | 48 |
| 25. | ओडिशा | 6528 | 2418 |
| 26. | पुदुचेरी | 174 | 70 |
| 27. | पंजाब | 1049 | 538 |
| 28. | राजस्थान | 8436 | 3292 |
| 29. | सिक्किम | 15 | 10 |
| 30. | तमिलनाडु | 4699 | 1683 |
| 31. | तेलंगाना | 10689 | 3250 |
| 32. | त्रिपुरा | 376 | 148 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 30889 | 8875 |
| 34. | उत्तराखंड | 1034 | 442 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 5384 | 2474 |
| | **कुल** | 181948 | **60,866** |

अनुलग्नक **II**

**दिनांक 18.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4140 भाग (क) का अनुलग्नक II**

**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पायलट प्रोजेक्ट के दूसरे दौर में इंटर्नशिप हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या तथा इंटर्नशिप प्रस्ताव प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या का राज्यवार विवरण।**

| **क्र.सं.** | **आवेदकों का राज्य** | **इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या** | **आवेदकों की संख्या जिन्हें प्रस्ताव दिए गए** |
|---|---|---|---|
| **1.** | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 20 | 8 |
| **2.** | आंध्र प्रदेश | 33854 | 9399 |
| **3.** | अरुणाचल प्रदेश | 41 | 17 |
| **4.** | असम | 2913 | 1906 |
| **5.** | बिहार | 16596 | 4713 |
| **6.** | चंडीगढ़ | 135 | 53 |
| **7.** | छत्तीसगढ | 6775 | 2844 |
| **8.** | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 38 | 16 |
| **9.** | दिल्ली | 2972 | 1112 |
| **10.** | गोवा | 125 | 43 |
| **11.** | गुजरात | 5706 | 2422 |
| **12.** | हरियाणा | 3389 | 1521 |
| **13.** | हिमाचल प्रदेश | 674 | 347 |
| **14.** | जम्मू और कश्मीर | 2741 | 834 |
| **15.** | झारखंड | 2283 | 1227 |
| **16.** | कर्नाटक | 5809 | 2046 |
| **17.** | केरल | 3304 | 1369 |
| **18.** | लद्दाख | 31 | 7 |
| **19.** | मध्य प्रदेश | 23385 | 7630 |
| **20.** | महाराष्ट्र | 13449 | 4576 |
| **21.** | मणिपुर | 61 | 29 |
| **22.** | मेघालय | 74 | 41 |
| **23.** | मिजोरम | 4 | 3 |
| **24.** | नगालैंड | 55 | 38 |
| **25.** | ओडिशा | 30666 | 6165 |
| **26.** | पुदुचेरी | 129 | 44 |
| **27.** | पंजाब | 3852 | 1821 |
| **28.** | राजस्थान | 15589 | 5219 |
| **29.** | सिक्किम | 49 | 19 |
| **30.** | तमिलनाडु | 4727 | 1653 |
| **31.** | तेलंगाना | 12675 | 3538 |
| **32.** | त्रिपुरा | 1896 | 903 |
| **33.** | उत्तर प्रदेश | 15383 | 6076 |
| **34.** | उत्तराखंड | 773 | 328 |
| **35.** | पश्चिम बंगाल | 4059 | 1977 |
| | **कुल** | 214232 | 69944 |